## रिम्स ओपीडी

विभाग — डॉक्टर का नाम

- मेडिसिनः डॉ मनोज कुमार प्रसाद
- सर्जरीः डॉ पंकज बोदरा
- ऑर्थोपेडिकः डॉ जीके गुप्ता
- न्यूरोसर्जरीः डॉ आनंद प्रकाश
- गायनीः डॉ नीलम नलिनी
- टीबी एवं चेस्टः डॉ ब्रजेश मिश्रा
- रेडिएशन आंकोलॉजीः डॉ रश्मि सिंह
- सर्जिकल आंकोलॉजीः डॉ रोहित कुमार झा
- नेत्रः डॉ सुनील कुमार
- स्किनः डॉ प्रभात कुमार
- ईएनटीः डॉ बिनोद कुमार सिन्हा
- न्यूरोलॉजीः डॉ रूपेश प्रसाद

## सदर ओपीडी

विभाग — डॉक्टर का नाम

- मेडिसिनः डॉ अरुणोदय, डॉ बीएन पोद्दार और डॉ सत्येंद्र
- सर्जरीः डॉ अजीत कुमार
- ऑब्स एंड गायनीः डॉ मुस्सरत यामिनी और डॉ श्रुति प्रभा
- पीडियाट्रिक (शिशु रोग): डॉ सूर्या
- हेमाटोलॉजीःडॉ अभिषेक रंजन
- सर्जीकल आंकोलॉजीः डॉ प्रकाश भगत
- नेफ्रोलॉजीः डॉ नवीन कुमार

## शहर में आज

1. रांची विवि में यूथ फेस्टीवल, दिन के 10 बजे
2. साइकिल प्रतियोगिता, खेलगांव में दिन के 8 बजे
3. राजभवन उद्यान में चौथे दिन, लोग करेंगे फूलों का दीदार, दिन के 10 बजे
4. 90 जायरीनों का जत्था, बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से होगा रवाना, दिन के 11 बजे
5. शहर के अन्य हिस्सों में विभिन्न कार्यक्रम दिन के 10 बजे से

**सूचनाः** शहर में होनेवाले कार्यक्रम, सेमिनार, प्रतियोगिता सहित अन्य गतिविधियों और खबरों से संबंधित जानकारी दैनिक शुभम संदेश के वाट्स ऐप नं 8102917469 पर दे सकते हैं.

## ब्रीफ खबरें

### सांतरागाछी-अजमेर एक्सप्रेस का परिचालन फिर प्रारंभ



**रांची।** जबलपुर मंडल में नॉन इंटरलॉकिंग कार्य की वजह से रांची रेल से होकर परिचालित होने वाले दो ट्रेनों को रद्द कर दिया गया था. अब इन ट्रेनों का अपने निर्धारित समय के अनुसार परिचालन शुरू किया जा रहा है. ट्रेन संख्या 18009 सांतरागाछी - अजमेर एक्सप्रेस ट्रेन (वाया - मूरी) 9 फरवरी 16 फरवरी एवं 23 फरवरी को अपने निर्धारित समय के अनुसार चलेगी. वहीं ट्रेन संख्या 18010 अजमेर - सांतरागाछी एक्सप्रेस ट्रेन (वाया - मूरी) 11 फरवरी, 18 फरवरी,और 25 फरवरी को अपने निर्धारित समय के अनुसार चलेगी.

### सांसद दीपक प्रकाश ने जमा किया यूटिलाइजेशन सर्टिफिकेट

**रांची।** राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने रांची डीसी के माध्यम से क्षेत्र विकास योजना के तहत मिली राशि का यूटिलाइजेशन और ऑडिट सर्टिफिकेट जमा कर दिया है. यह सर्टिफिकेट डीसी के माध्यम से निदेशक एमपी लैडस सांस्थिक वित्त एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन विभाग को भेजा गया है. लेकिन मिनिस्ट्री ऑफ स्टैटिक्स एंड प्रोग्राम इंप्लीमेंट गवर्मेंट ऑफ इंडिया के वेबसाइट में इसे अब तक अपडेट नहीं किया है. दीपक प्रकाश ने वित्तीय वर्ष 2021-22 और 2022-23 का ऑडिटेड सर्टिफिकेट भी डीसी के माध्यम से निदेशक एमपी लैड्स को भेज दिया है.

### राजभवन के समक्ष पहुंचा आदिवासियों का दल, जोरदार ढंग से धर्मांतरित लोगों को जनजाति की सूची से हटाने उठायी मांग

# डीलिस्टिंग को लेकर जनजाति सुरक्षा मंच ने किया धरना-प्रदर्शन

**संवाददाता। रांची**

रांची में डीलिस्टिंग के समर्थन में बिल लाने की मांग को लेकर जनजाति सुरक्षा मंच के बैनर तले आदिवासियों ने शुक्रवार को राजभवन के सामने धरना-प्रदर्शन किया. इस दौरान आदिवासियों ने राज्य सरकार से जल्द डीलिस्टिंग बिल पारित करने की मांग की. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आदिवासी समाज से जुड़े लोग शामिल थे. राजभवन के समक्ष आंदोलन कर रहे लोगों ने इस दौरान सरना धर्मकोड की तरह चंपाई सोरेन सरकार से डीलिस्टिंग बिल को विधानसभा से पारित कर केंद्र सरकार को भेजने की मांग की. इस दौरान लोगों ने जनजाति समाज से धर्मांतरित लोगों को जनजाति की सूची से हटाने यानी डीलिस्टिंग करने की मांग सरकार से की. जनजाति सुरक्षा मंच के मेघा उरांव ने कहा कि यह मांग काफी पुरानी है. दिवंगत कार्तिक उरांव ने इस संबंध में 1970 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को 348 सदस्यों का हस्ताक्षरयुक्त एक आवेदन दिया था, जिसे ठंडे बस्ते में डाल दिया गया. वहीं सनी उरांव ने कहा कि डीलिस्टिंग की मांग का विरोध करने वाले लोग कभी भी ईसाई मिशनरियों द्वारा किए जा रहे धर्मांतरण और ईसाई मिशनरियों द्वारा आदिवासियों की जमीन पर हो रहे कब्जा पर नहीं बोलते हैं. धर्मांतरित ईसाई और उनके दलाल डीलिस्टिंग के डर से आज एकता की बात कर रहे हैं, जो हास्यास्पद है. उन्होंने कहा कि डीलिस्टिंग का विरोध करने वाले लोग नहीं चाहते हैं कि आदिवासियों को उनका वाजिब अधिकार मिले.

उल्लेखनीय है कि झारखंड में डीलिस्टिंग के पक्ष और विरोध में आंदोलन जारी है. इस आंदोलन के जरिए अलग-अलग तर्क दिए जा रहे हैं. गत 4 फरवरी 2024 को कांग्रेस नेता बंधु तिर्की की अगुवाई में डीलिस्टिंग के विरोध में मोरहाबादी मैदान से महारैली निकाली गई थी.

**राज्य सरकार से जल्द डीलिस्टिंग बिल पारित करने की मांग की**



### मनमानी : रांची नगर निगम प्रशासन ठेकेदारों के आगे बेबस


# राजधानी में पार्किंग के नाम पर हो रही है अवैध वसूली

**तरुण कुमार चौबे। रांची**

राजधानी रांची में पार्किंग के नाम पर लोगों से अवैध वसूली खुलेआम हो रही है. नगर निगम द्वारा बंदोबस्ती पर दी गयी सभी पार्किंग में अवैध वसूली की जा रही है. पार्किंग संचालक मनमाने ढंग से पार्किंग चार्ज वसूल कर रहे हैं. नगर निगम के नियम के अनुसार तीन घंटे के लिए दोपहिया वाहन से पांच रुपये और चार पाहिया से दस रुपये पार्किंग शुल्क है. लेकिन शहर भर के किसी भी पार्किंग में नियमों का पालन नहीं हो रहा है. पार्किंग चार्ज के नाम पर लोगो से 10 रुपये से लेकर 100 रुपये तक की अवैध वसूली की जा रहा है.

वर्तमान में राजधानी रांची में कुल 27 स्थानों पर आधिकारिक रूप से पार्किंग की व्यवस्था है, उनमें पांच स्थानों की पार्किंग व्यवस्था निगम के अधीन है. 22 स्थान ऐसे हैं, जिसका टेंडर ठेकेदारों को दिया गया है. इन ठेकेदारों से निगम को एक साल में 1 करोड़ 20 लाख और 50 हजार का मुनाफा होता है. ये सारे पैसे निगम को बंदोबस्ती देते वक्त ही प्राप्त हो जाते हैं. ठेकेदार ज्यादा मुनाफा कमाने के चक्कर में आमलोगों से मनमाने तरीके से पैसे वसूल कर रहे हैं. सबसे ज्यादा अवैध वसूली की शिकायत मेन रोड से आती है. मेन रोड में लोगों से सबसे ज्यादा अवैध वसूली की जा रही है. ठेकेदार आम जनता के साथ निगम को भी चपत लगा रहे हैं. जिसके कारण नगर निगम को छवि और राजस्व दोनो का नुकसान हो रहा है. पार्किंग में हो रही अवैध वसूली की शिकायत जनता द्वारा कई बार की गयी है. उसके बाद निगम कार्रवाई के नाम पर ठेकेदार को नोटिस भेजकर चेतावनी देता है, लेकिन ठेकेदार किसी की नहीं सुनते. नोटिस के बाद भी अवैध वसूली जारी रहती है. बहुत कम बार देखा गया है कि नगर निगम किसी ठेकेदार पर कोई कार्रवाई करता है.





### पार्किंग में दुकान

शहरभर में अधिकांश पार्किंग स्थल सड़क के किनारे हैं. जिसकी वजह से जाम की समस्या बनी रहती है. इसके साथ पार्किंग स्थल में ठोकेदारों के द्वारा ठेल खुमचे वाले को पैसे लेकर दुकान लगाने की जगह दे देते हैं. दुकानदारों के अनुसार ठेकेदार दुकान लगाने के एवज में 20 हजार से लेकर 50 हजार रुपये तक की रकम वसूलते है. साथ ही रोजाना 200 से 400 रुपये भी लेते हैं. निगम द्वारा कार्रवाई होने पर इन दुकानदारों को दुकान हटाना पड़ता है, जिससे इन्हें काफी नुकसान होता है. नगर निगम के नियम के अनुसार पार्किंग स्थल पर किसी भी प्रकार का व्यवस्या करने की मनाही है.

### हर साल बढ़ रहा है वाहनों का दबाव

रांची में हर साल 97,187 वाहन बढ़ रहे हैं. 2022 में रांची कुल निबंधित वाहनों की संख्या 96,267 थी. रांची जब राजधानी बनी थी, तब रांची की सड़कों पर 3292 रजिस्टर्ड वाहन दौड़ रहे थे. जो कि 2023 में कुल निबंधित वाहनों की संख्या 13 .88 लाख पहुंच गयी है. इसका मतलब रांची को राजधानी बनने से अबतक 420 गुणा गाड़ियों की संख्या बढ़ गई है. लेकिन उस हिसाब से न सड़कों में वृद्धि हुई और न ही ढंग का पार्किंग ही बन सकी. नतीजा यह है कि आज पार्किंग के नाम पर नगर निगम वाहनों को सड़क किनारे खड़े करवा रहा है.

### मनमानी करनेवालों पर उचित कार्रवाई की जाएगी : कमलकांत गुप्ता

नगर निगम के अपर नगर आयुक्त कमलकांत गुप्ता से जब पार्किंग में हो रही अवैध वसूली के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि शिकायत मिलते ही जांच करने के लिए टीम भेजी जाती है. साथ ही अवैध वसूली कर रहे ठेकेदारों की भी जांच की जाएगी. जांच में दोषी पाए जाने वाले ठेकेदारों पर उचित का कार्रवाई की जाएगी.

### एचईसी मैनेजमेंट और यूनियनों के बीच वार्ता विफल

# एचईसी का संकट बरकरार, लिखित आश्वासन के बाद ही रुकेगा आंदोलन

**शुभम किशोर। रांची**

हैवी इंजीनियरिंग कॉरपोशन लिमिटेड (एचईसी) में पिछले 24 दिनों से अफसर-कर्मचारी आंदोलन कर रहे हैं. कंपनी के एफएफपी, एचएमटीपी और एचमबीपी में उत्पादन ठप है. निगम मुख्यालय में भी कामकाज नहीं हो रहा है. एचईसी बचाओ मजदूर जन संघर्ष समिति के बैनर तले निगम मुख्यालय के सामने कर्मचारी रोजाना धरना प्रदर्शन कर रहे हैं. कर्मचारी अपना बकाया वेतन मांग रहे हैं. ठेका श्रमिकों का कॉन्ट्रैक्ट रिन्युअल करने की बात कह रहे हैं. मगर मैनेजमेंट के आला अफसर कर्मचारियों की मांग पर गंभीर नहीं दिख रहे हैं.

एचईसी मुख्यालय में 9 फरवरी को दूसरे दिन मैनेजमेंट और यूनियन प्रतिनिधि मंडल की बातचीत हुई. वार्ता में मैनेजमेंट की तरफ से प्रशनल डायरेक्टर एके बेहरा, प्रोडक्शन डायरेक्टर एसडी सिंह सहित अन्य अफसर मौजूद थे. अफसरों ने प्रतिनिधिमंडल से कहां कि कर्मचारी काम पर लौटे. उनका बकाया वेतन राशि आते ही दिया जाएगा. ठेका श्रमिकों का कॉन्ट्रैक्ट भी रिन्यूअल किया जाएगा. इसपर प्रतिनिधिमंडल में शामित श्रमिक नेताओं ने कहा कि कामगार काम करना चाह रहे हैं. मगर अब बिना वेतन के काम नहीं होगा.

**लिखित आश्वासन देने के पक्ष में नहीं है मैनेजमेंट :** प्रतिनिधिमंडल ने वार्ता में कहा कि मैनेजमेंट लिखित आश्वासन दे कि फरवरी में एक माह का बकाया वेतन भुगतान किया जाएगा और मैनेजमेंट की तरफ से यह निर्धारित किया जाए कि हर माह किस दिन वेतन का भुगतान होगा. वहीं ठेका श्रमिकों का कॉन्ट्रैक्ट रिन्यूअल किया जाए. अगस्त 2023 से ठेका श्रमिकों का ईएसआई सहित अन्य मद में पैसा जमा नहीं हो रहा है. ठेका श्रमिकों के बकाया राशि को नियमित जमा किया जाए. वेतन भुगतान, ठेका श्रमिकों के रिन्यूअल आदि से संबंधित लिखित आश्वासन मैनेजमेंट दे, तभी कामगारों का आंदोलन समाप्त होगा. मैनेजमेंट ने लिखित आश्वासन के लिए श्रमिक संगठनों से समय मांगा, मगर खबर लिखे जाने तक लिखित आश्वासन नहीं दिया. जिसके बाद से मजदूरों का आंदोलन और तेज हो गया है.

**कौन-कौन थे वार्ता में शामिल :** मुख्यालय में हुई वार्ता में प्रबंधक व तकनीकी सचिव निदेशक कार्मिक प्रशांत कुमार पाठक, उपप्रबंधक देवा देवघरिया और समिति की ओर से लीलाधर सिंह, लालदेव सिंह, प्रकाश कुमार, रामकुमार नायक, मनोज पाठक, दिलीप सिंह, सनी, गिरीश चौहान, चिराग बारला, जेके मुखर्जी समेत अन्य मौजूद थे. वहीं प्रदर्शन में एचईसी श्रमिक कर्मचारी यूनियन के मनीष कुमार, राजेश कुमार, संजय सिन्हा और शुभाष चौधरी, हटिया मजदूर यूनियन के महेंद्र कुमार, दीपक कुमार, हटिया कामगार यूनियन के एम.पी. रामचंद्र, आर.के. शाही, अर्जुन, राम सुंदर स्वामी, अमरेंद्र कुमार, सप्लाई संघर्ष समिति के मनोज पाठक, प्रमोद कुमार, हटिया मजदूर लोक मंच के राम कुमार नायक, कमल महली, चिराग बारला, सुनील तिर्की और हटिया प्रोजेक्ट वर्कर्स यूनियन के गिरिश चौहान आदि अहम भूमिका अदा कर रहे हैं.



### ठेका श्रमिकों को लग सकता है झटका

एचईसी में अभी करीब 1600 ठेका श्रमिक है. जिनका कॉन्ट्रैक्ट समाप्त हो गया है. एचईसी मैनेजमेंट ठेका श्रमिकों को लेकर नई पॉलिसी बना रहा है. इस पॉलिसी के तहत ठेकेदार के साथ एचईसी मैनेजमेंट कॉन्ट्रैक्ट करेगा. उस कॉन्ट्रैक्ट के तहत रोजाना 1600 ठेका श्रमिक एचईसी में नहीं आएंगे. मैनेजमेंट आवश्यकतानुसार ठेका श्रमिकों का डिमांड करेगा. उसी डिमांड के अनुसार कॉन्ट्रैक्टर ठेका श्रमिकों को प्लांट में भेजेगा. अभी इस पॉलिसी को लेकर मैनेजमेंट की तरफ से कोई बोलने को तैयार नहीं है. और न ही, कोई पुष्टी कर रहा है. मैनेजमेंट का मानना है कि वर्तमान समय में पूर्व की तरह कंपनी की स्थिति नहीं है, ऐसे में स्थायी कर्मचारी से ज्यादा ठेका श्रमिकों को कारखाना में बुलाकर बिना काम के बैठाना, सफेद हाथी पालने के समान है. नई ठेका पॉलिसी से ठेका श्रमिकों को रोजाना काम भी मिलेगा, और कंपनी को करोड़ों की बचत होगी.

# चोरी-छिनतई करने वाले दो अपराधी डेली मार्केट के पास से हथियार के साथ गिरफ्तार

**खास बातें**

- एंटी क्राइम चेकिंग के दौरान पकड़े गये स्कूटी सवार अपराधी
- दो अपराधकर्मी हथियार का भय दिखाकर करते थे चोरी-छिनतई

**संवाददाता। रांची**

हथियार के साथ रांची पुलिस ने दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है. शुक्रवार को प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने बताया कि कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए को सूचना मिली कि स्कूटी पर सवार होकर दो युवक मेन रोड हनुमान मंदिर की तरफ से आ रहे थे. डेली मार्केट थाना के सामने एंटी क्राइम चेकिंग के दौरान पुलिसकर्मी द्वारा स्कूटी पर सवार दोनों व्यक्ति को रोकने का इशारा किया गया. जिसमें स्कूटी छोड़कर दोनों भागने लगे. पुलिस ने खदेड़कर स्कूटी के पीछे बैठे व्यक्ति को पकड़ लिया.

पूछताछ करने पर उसने अपना नाम मो. खालिद बंगाली उर्फ चुजा बताया. तलाशी के दौरान उसकी कमर में से देशी कट्टा और दो जिंदा गोली पुलिस ने बरामद किया. इसके बाद पुलिस ने उसकी निशानदेही पर उसके एक अन्य साथी शेख जुबैर को भी गिरफ्तार कर लिया. पूछताछ में दोनों अपराधियों ने पुलिस के समक्ष स्वीकार किया कि यह दोनों हथियार गोली का भय दिखाकर चोरी, छिनतई की घटना को अंजाम देते हैं.



# रांची जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में चला मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम

**संवाददाता। रांची**

**खास बातें**

- 25 फरवरी तक फाइलेरिया को खत्म करने का अभियान
- कुल 2,580,373 बीमार लोगों को दी जाएंगी दवाएं

स्वास्थ्य विभाग के द्वारा आज से 25 फरवरी तक रांची समेत जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (अनगड़ा, बेड़ो, बुढ़मू और तमाड़ को छोड़कर) में फाइलेरिया को खत्म करने के लिए मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम आयोजित कर रहा है. इस कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं, दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों और गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को, कुल 2,580,373 व्यक्तियों को डीईसी टैबलेट और एल्बेंडाजोल दवाएं दी जाएंगी. इस कार्यक्रम के लिए शहर के 53 वार्डों के 10 स्वास्थ्य केंद्रों को शामिल किया गया है.

कार्यक्रम के अनुसार सभी आंगनवाड़ी केंद्रों, स्कूलों, कॉलेजों और सार्वजनिक भवनों को कवर करते हुए स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर जाकर दवाएं दी जाएंगी. 4,608 दवा प्रशासकों की एक टीम दवा वितरण के लिए विशेष रूप से नामित 2,304 बूथों पर काम करेगी. इसके अतिरिक्त 275 पर्यवेक्षक अभियान की सफलता सुनिश्चित करेंगे.

दवाइयों के बारे में जानकारी देते हुए सिविल सर्जन डॉ. प्रभात कुमार ने बताया कि दवाएं खाली पेट नहीं ली जानी चाहिए और दो साल से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को खुराक नहीं मिलेगी. कार्यक्रम में गहन जागरूकता अभियान, निवारक दवा का वितरण और उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में लक्षित हस्तक्षेप शामिल हैं. इस कार्यक्रम में फाइलेरिया की गंभीरता पर जोर दिया जाएगा. डॉ. कुमार ने कहा कि फाइलेरिया एक वेक्टर जनित, लाइलाज बीमारी है और विकलांगता का दूसरा प्रमुख कारण है. गंदे पानी में प्रजनन करने वाले संक्रमित मादा क्यूलेक्स मच्छरों द्वारा फैलता है. यह रोग घातक नहीं है, लेकिन शारीरिक विकृति का कारण बनता है. इसलिए, इसमें भागीदारी बीमारी की रोकथाम के लिए एमडीए कार्यक्रम महत्वपूर्ण है. वर्तमान में, जिले में फाइलेरिया के 3,316 मरीज हैं. जिनमें से 148 मामले पिछले साल रक्त परीक्षण के माध्यम से पहचाने गए थे.

### भारत माता के 3 सच्चे सपूतों को मिला भारत रत्न : बाबूलाल मरांडी



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने पूर्व पीएम चौधरी चरण सिंह, पीवी नरसिम्हा राव और कृषि वैज्ञानिक मनकोम्बु संबशिवन स्वामीनाथन को भारत रत्न मिलने पर केंद्र सरकार का आभार जताया है. कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत मां के तीन सच्चे सपूत को भारत रत्न देने का निर्णय लिया है, यह ऐतिहासिक क्षण है.

न्यायालय, सिविल जज सीनियर डिवीजन नवम, धनबाद

**कोर्ट नोटिस**

ऑरिजनल सुट नं0-38/2023

भोलानाथ महतो एवं अन्य ..... वादीगण

बनाम्

स्टेट ऑफ झारखंड एवं अन्य....

प्रतिवादीगण

1. स्टेट ऑफ झारखंड प्रतिनिधि मुख्य सलाहकार, पो एवं थाना एवं जिला- रांची
2. उपायुक्त, धनबाद, पो. एवं थाना-धनबाद, जिला-धनबाद
3. अपर समाहर्ता धनबाद, पो एवं थाना-धनबाद, जिला-धनबाद
4. अनुमंडल पदाधिकारी, बाघमारा, पो एवं थाना - बाघमारा, जिला-धनबाद।

बजरिये नोटिस आपलोगों को सूचित किया जाता है कि ओरिजनल सूट में वादीगण ने आपलोगों के विरुद्ध यह वाद दाखिल किया है, जिसमें आप लोगों को रजिस्ट्री नोटिस तथा नजारत से नोटिस भेजे जाने के बावजूद आपलोग न्यायालय में उपस्थित नहीं हो रहे हैं। अत: इस नोटिस के माध्यम से आपको आगाह किया जाता है कि दिनांक 19.02.24 को समय 11.00 AM बजे न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें, अन्यथा उपयुक्त मुकदमे में आपलोगों के विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही कर दी जायेगी। इसे ताकिद जाने।

आज दिनांक 27-01-2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया जाए।

ह0 / सिविल जज सीनियर डिवीजन नवम, धनबाद

**आग्रह**

### चैंबर ने क्रशर उद्योगों की समस्या पर पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड से की वार्ता

# प्रभावित क्रशर उद्योगों की जिलावार सूची दें : सामंता



**संवाददाता। रांची**

झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स ने पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के अध्यक्ष शशिकर सामंता और सदस्य सचिव वाई के दास से मुलाकात कर झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के पूर्व में लिये गये निर्णय, खनन पट्टे से 5 किमी की दूरी के अंदर ही क्रशर का संचालन करने के निर्णय को शिथिल करने की मांग की है. प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि बोर्ड के इस नियम के प्रभावी होने से प्रदेश में पूर्व से संचालित अधिकांश क्रशर के बंद होने की संभावना बनेगी.

माईंस एंड मिनरल उप समिति के चेयरमेन नितेश शारदा ने कहा कि राज्य में वर्ष 2022 से अधिकांश खनन पट्टों की अवधि समाप्त हो गई है जिस कारण इस नियम के प्रभावी हो जाने से अधिकांश क्रशर उद्योग प्रभावित होंगे. राज्य में कुल 4057 क्रशर प्रोसेसिंग यूनिट हैं जिनमें 315 सस्पेंडेड हैं और वर्तमान में 3742 एक्टिव हैं. इस पर पॉल्यूशन बोर्ड के अध्यक्ष शशिकर सामंता ने बोर्ड के इस नियम के प्रभावी होने से राज्य में कुल प्रभावित होने वाले क्रशर उद्योगों की जिलावार सूचि की मांग झारखंड चैंबर से की. उन्होंने कहा कि सूचि के अनुसार बोर्ड द्वारा भविष्य में एक बार पुनः बैठक करके इस समस्या के निदान की पहल की जायेगी. सदस्य सचिव वाईके दास ने कहा कि पॉल्यूशन बोर्ड राज्य में किसी भी स्थापित उद्योग को बंद नहीं करना चाहता है. पर्यावरण के क्षेत्र में कारगर रूप से कार्य के लिये ही बोर्ड द्वारा यह निर्णय लिया गया है, क्रशर उद्योगों की कठिनाईयों को देखते हुए बोर्ड द्वारा भविष्य में इस निर्णय से सकारात्मक राहत दिये जाने के लिए भी उन्होंने आश्वस्त किया. प्रतिनिधिमंडल में चैंबर उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, माईंस एंड मिनरल उप समिति के चेयरमेन नितेश शारदा, को-चेयरमेन डॉ नीरज कुमार सिंह, राज्य माईंस एंड क्रशर एसोसियेशन के सचिव पंकज सिंह और रांची जिला क्रशर एसोसियेशन के सचिव मोईज अख्तर भोलू शामिल थे.

# राज्य के पांच जिला कल्याण पदाधिकारियों का तबादला

**संवाददाता। रांची**



राज्य सरकार ने पांच जिला कल्याण पदाधिकारियों का तबादला कर दिया है. इसका आदेश अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग ने जारी कर दिया है. रांची की जिला कल्याण पदाधिकारी संगीता शरण को उप निदेशक कल्याण आदिवासी कल्याण आयुक्त कार्यालय रांची के पद पर पदस्थापित किया गया है. प्रभारी जिला कल्याण पदाधिकारी सिमडेगा सरस्वती कच्छप को प्रभारी जिला कल्याण पदाधिकारी लोहरदगा के पद पर पदस्थापित किया गया है. प्रभारी जिला कल्याण पदाधिकारी पाकुड़ के पद पर पदस्थापित विजन उरांव को प्रभारी जिला कल्याण पदाधिकारी, दुमका के पद पर पदस्थापित किया गया है. लक्ष्मण हरिजन अनुमंडल कल्याण पदाधिकारी चाईबासा को प्रभारी जिला कल्याण पदाधिकारी पाकुड़ के पद पर पदस्थापित किया गया है. नीली सरोज कुजूर, अनुमंडल कल्याण पदाधिकारी, बरही को प्रभारी जिला कल्याण पदाधिकारी बोकारो के पद पर पदस्थापित किया गया है.

तापमान
23.8⁰ अधिकतम | 9.7⁰ न्यूनतम

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in | शनिवार, 10 फरवरी 2024 ● माघ शुक्ल प्रतिपदा, संवत 2080 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ~~6~~ ● वर्ष : 1, अंक : 293 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

# ईडी ने चिह्नित किए कई ऐसे भूखंड जिन पर हुआ बलपूर्वक कब्जा

विनीत आभा उपाध्याय। रांची

ईडी की अब तक की जांच में यह जानकारी सामने आई है कि बड़गाईं अंचल के राजस्व कर्मचारी भानु प्रताप ने बड़गाईं अंचल में रहते हुए कई भूखंडों के ऑफलाइन दस्तावेज (सरकारी कागज) में छेड़छाड़ की है. इतना ही नहीं ईडी की जांच में यह भी खुलासा हुआ है कि अपने चहेते लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए और भूमि का नेचर बदलने के लिए भानु प्रताप ने पुराने डीड (रजिस्ट्री के दस्तावेज) बनवाए. भानु प्रताप के मोबाइल फोन में उस भूखंड के रिकॉर्ड भी मिले हैं, जिसपर कब्जा करने का आरोप पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर लगा है. वहीं ईडी का यह भी दावा है कि जमीन के ऑनलाइन और ऑफलाइन पेपर में हेरफेर कर भानु ने कई लोगों को लाभ पहुंचाया है. वहीं ऐसे कई भूखंड एजेंसी ने चिन्हित किए हैं, जिन्हें बलपूर्वक कब्जा किया गया है और कुछ खास लोगों के नाम पर उसके दस्तावेज तैयार किए गए हैं. ईडी की अब तक की जांच में यह पता चला है कि भानू प्रताप ने बरियातू में 8.5 एकड़ जमीन सहित अवैध रूप से संपत्ति हासिल करने में हेमंत सोरेन की सहायता की है. पूछताछ में कई और अहम खुलासे हो सकते हैं.

## बैक डेट से डीड बना कर होता था जमीन की नेचर बदलने का धंधा



फाइल फोटो.

### विनोद सिंह से ईडी ने की पूछताछ

सत्ता शीर्ष के करीबी विनोद सिंह से ईडी ने शुक्रवार को लंबी पूछताछ की. शुक्रवार की देर रात तक विनोद सिंह से पूछताछ के बाद ईडी ने उन्हें घर जाने की अनुमति दे दी. ईडी ने हेमंत सोरेन, अभिषेक प्रसाद और विनोद सिंह को आमने सामने बैठा कर पूछताछ की. बता दें कि पावर ब्रोकर विनोद सिंह का वाट्सएप्प चैट इन दिनों चर्चा में है. 7 फरवरी को आईएएस शशि रंजन समेत तीन अफसरों की पोस्टिंग के लिए भेजे गए मैसेज का चैट वायरल हुआ था. इस बीच एक सूत्र ने दावा किया है, कि विनोद सिंह कई दूसरे ब्यूरोक्रेट्स की पोस्टिंग को लेकर भी सक्रिय रहा था. इनमें कई आईएएस व आईपीएस शामिल हैं. ईडी ने कोर्ट में जो रिपोर्ट सौंपी है, उसमें दावा किया है कि विनोद सिंह अफसरों की ट्रांसफर-पोस्टिंग में शामिल था. जांच इस बात की हो रही है कि उसके चैट में जिन अफसरों के नाम हैं, उनकी पोस्टिंग हुई या नहीं. बता दें कि जांच के दौरान ईडी को विनोद सिंह के मोबाइल में कई ऑडियो-वीडियो मिले हैं. जिसकी पड़ताल की जा रही है. यह जांचा जा रहा है कि ऑडियो-वीडियो का संबंध किन-किन अफसरों या दूसरे लोगों से है. माना जा रहा है कि इसी के आधार पर ईडी की आगे की कार्रवाई शुरू होगी.

### भानु प्रताप से 4 दिन और पूछताछ करेगी ईडी

बता दें कि बड़गाईं अंचल के राजस्व कर्मचारी भानू प्रताप से ईडी अगले चार दिनों तक पूछताछ जारी रखेगी. कोर्ट ने इसकी इजाजत दे दी है. चार दिनों की रिमांड अवधि खत्म होने के बाद शुक्रवार को रांची पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किया गया. शुक्रवार को उसकी पेशी के दौरान ईडी ने एक बार फिर भानु से पूछताछ के लिए रिमांड को 7 दिनों की विस्तार दिए जाने का आग्रह कोर्ट से किया. जिसका भानु के अधिवक्ता ने विरोध किया. ईडी के विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार उर्फ काका जी की बहस सुनने के बाद कोर्ट ने ईडी को भानू प्रताप प्रसाद से चार दिनों तक पूछताछ करने की अनुमति दे दी है. ईडी की अब तक की जांच में यह पता चला है कि भानू प्रताप ने बरियातू में 8.5 एकड़ जमीन सहित अवैध रूप से संपत्ति हासिल करने में हेमंत सोरेन की सहायता की है. पूछताछ में कई और अहम खुलासे हो सकते हैं.

### अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू से लंबी पूछताछ

पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के पूर्व प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू भी शुक्रवार को ईडी ऑफिस पहुंचे. देर रात तक लंबी पूछताछ के बाद पिंटू ईडी ऑफिस से बाहर निकले. हालांकि उन्होंने बाहर निकल कर कुछ नहीं कहा और चले गए. बता दें कि पिंटू ने ईडी को पत्र लिखा था, पत्र में उन्होंने लिखा था, कि उनकी पत्नी की तबीयत खराब है, इसलिए पूछताछ के लिए उन्हें 22 जनवरी के बाद का समय दिया जाए. इससे पहले ईडी ने बीती छह जनवरी को पिंटू को समन भेज कर 16 जनवरी को ईडी के समक्ष पूछताछ के लिए बुलाया था. हालांकि वो ईडी ऑफिस नहीं जा पाए थे. उनसे 1250 करोड़ के अवैध पत्थर खनन मामले में पूछताछ की जानी थी. गौरतलब है कि ईडी ने बीते तीन जनवरी को कुल 12 ठिकानों पर छापेमारी की थी.

---

**62 एकड़ में राजभवन परिसर फैला हुआ है**



भारतीय पुरातत्व विभाग अब इसका पता लगाएगा

# राजभवन में सुरंग

अमित सिंह। रांची

झारखंड राजभवन में सुरंग है. दो ट्रैप डोर्स (दो द्वार) राजभवन के ग्राउंड फ्लोर में हैं, जो भूमिगत सुरंगों से जुड़े हुए हैं. सुरंगें किसी गुप्त स्थान तक जाती हैं. इन सुरंग में जाने के लिए ट्रैप डेर्स के निशान राजभवन के दरबार हॉल और डाइनिंग हॉल के पास मौजूद हैं. वर्तमान में दोनों द्वार बंद हैं. द्वारों से जो सुरंग कनेक्ट होती थी, वह कहां तक जाती थीं, इसका पता किसी को नहीं है. भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग अब इसका पता लगाएगा. राजभवन में मौजूद सुरंग की सच्चाई सर्वे के बाद सामने आ जाएगी. देश में 35 ऐसे भवन चिन्हित हुए है, जो ब्रिटिश काल में बने हैं. सबका सर्वे होना है. नैनीताल, ओडिशा, उत्तरप्रदेश और बिहार आदि राजभवन का निर्माण उसी काल में हुआ था.

ब्रिटिश वास्तुकला के तहत निर्मित देश की गिनी चुनी ऐसी इमारतों में से झारखंड राजभवन एक है, जो भूमिगत सुरंग से जुड़ी है. अंग्रेजों के जमाने में किसी विपत्ति से बच निकलने के लिए महत्वपूर्ण भवनों में सुरंगों का निर्माण किया जाता था. झारखंड राजभवन की वेबसाइट में भी गुप्त दो द्वारों और इनसे जुड़ी सुरंग का जिक्र है. बताया गया है कि राजभवन के ग्राउंड फ्लोर में दो ट्रैप डोर्स हैं, जो भूमिगत सुरंगों से जुड़े हुए हैं. रांची स्थित राजभवन का इतिहास 9 दशकों से भी ज्यादा पुराना है. अपनी बेहतरीन जलवायु और प्राकृतिक सौंदर्य के कारण रांची बिहार का ग्रीष्मकालीन राजधानी हुआ करती थी. इसी दौरान राजभवन का निर्माण हुआ था.

## 7 लाख रुपये की लागत से 1931 में बना था राजभवन



झारखंड का राजभवन ब्रिटिश शासनकाल में वर्ष 1930 में बनना शुरू हुआ था. तब इंग्लैंड में जॉर्ज पंचम का शासन था. और झारखंड एकीकृत बिहार का हिस्सा था. रांची बिहार की ग्रीष्मकालीन राजधानी हुआ करती थी. 1931 में करीब सात लाख की लागत से राजभवन बनकर तैयार हुआ था. इस भवन के आर्किटेक्ट सैडलो बलार्ड थे.

### झारखंड राजभवन की विशेषताएं

राजभवन के छत में रानीगंज के टाइल्स का इस्तेमाल किया गया है. जिससे गर्मी में भी ठंडक की अनुभूति होती है. 62 एकड़ में राजभवन परिसर फैला हुआ है. 52 एकड़ में राजभवन परिसर ओर 10 एकड़ में आड्रे हाउस नामक प्राचीन इमारत है. इस भवन की छत 18 से 20 फीट ऊंची है. वहीं दीवारें 14 इंच मोटी हैं. भवन की छत पर लगे कुछ टाइल्स में मेड इन इंग्लैंड लिखा हुआ भी पाया गया है. कैंपस के अंदर बुद्ध गार्डेन, अकबर गार्डेन, 52हजार स्क्वॉयर फीट में अशोका लॉन, 15हजार स्क्वॉयर फीट में मुर्ती गार्डेन, साउथ साइड में महात्मा गांधी गार्डेन आदि है. नक्षत्र वन भी परिसर क्षेत्र में ही आता है.

### पूर्व राज्यपाल ने खुद दी थी सुरंग की जानकारी

वर्ष 2004 से 2009 तक झारखंड के राज्यपाल सैयद सिब्ते रजी थे. उन्होंने अपने कार्यकाल में भारतीय सर्वेक्षण विभाग के अफसरों से दोनों दरवाजे और सुरंग को लेकर बातचीत की थी. इस संबंध में संस्कृति एवं पुरातत्व विभग के रिटायर डिप्टी डायरेक्टर हरेंद्र प्रसाद ने बताया कि राजभवन में दो गुप्त दरवाजे हैं. पूर्व राज्यपाल सैयद सिब्ते रजी ने खुद इस संबंध में जानकारी दी थी. उन्होंने बताया था कि राजभवन में ऊपर से उतरते है, उसी के दो दरवाजे हैं. संभवतः सीढ़ी के नीचे एक सुरंग भी है. जिसका पता लगाया जाना चाहिए. राजभवन को इसे गंभीरता से लेते हुए सर्वे का काम जल्द करवाना चाहिए.

### सुरक्षित स्थान और सुरंग होने की प्रबल संभावना

हरेंद्र प्रसाद ने बताया कि पूर्व राज्यपाल ने विभाग से दोनों गुप्त दरवाजे और सुरंग पर काम करने को कहा था. मगर अबतक विशेष काम नहीं हुआ. सुरक्षा कारणों से सर्वे का काम शुरू नहीं हो सका. भारत सरकार संरक्षण के उद्देश्य से ब्रिटिश काल में बने भवनों का सर्वे करवा रही है. इसी के तहत झारखंड राजभवन का भी सर्वे आज नहीं कल होगा. अभी भारतीय सर्वेक्षण विभाग नवरत्न गढ़ में काम कर रहा है. कुछ पुराने अवशेषों के संरक्षण का काम चल रहा है. मेरी जानकारी के अनुसार देश में ही नहीं, झारखंड सहित देशभर में ऐसे कई भवन, जो राजा महाराजाओं ने ब्रिटिश काल से पहले बनवाए है, उनमें भी गुप्त स्थान बने हुए है. जिन्हे भवन का सबसे सुरक्षित स्थान माना जाता है. ऐसे में राजभवन के नीचे सुरक्षित स्थान या सुरंग होने की संभावना प्रबल है.

### मुंबई राजभवन में भी सुरंग, अब पर्यटन स्थल

देश में 35 से ज्यादा भवन ऐसे है, जो ब्रिटिश वास्तुकला के तहत बने हुए है. उन भवनों में बंकर, सुरंग और छुपने के गुप्त स्थान बने हुए हैं. भारतीय सर्वेक्षण विभाग ने मुंबई के मलबार हिल्स स्थित राजभवन का सर्वे किया था. राजभवन के नीचे तकरीबन 150 फूट लंबा एक मजबूत सुरंग मिला. इस सुरंग में कुल 13 कमरे हैं. उसके अलावा यह 3 मीटर चौड़ा है. इसकी ऊंचाई 12 फीट है. 5 हजार वर्क फीट के दायरे में राजभवन के नीचे बंकर बनाया गया था.

### 47 एकड़ में फैला है सुरंग

मालबार हिल्स स्थित राजभवन के नीचे 47 एकड़ में फैले इस सुरंग को पुराने पत्थरों से बनाया गया है. इसके अंदर एक लंबे कद का इंसान बड़ी आसानी से खड़ा हो सकता है, साथ ही सुरंग के भीतर ताजी हवा ओर पानी की बेहतर व्यवस्था की गई थी. 1885 से पहले तक ब्रिटिश गवर्नर गर्मी की छुट्टियों में इस राजभवन में रहने आते थे. मुंबई राजभवन के भीरत सुरंग मिलने का मामला 2016 में सामने आया था. राजभवन ने राज्य सरकार को कहकर इसे पूरा बनवाया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसका उद्घाटन किया. अब यह सुरंग पूरी तरह से पर्यटक स्थल बन चुकी है.

---



रांची विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में आयोजित युवा महोत्सव में अपनी प्रस्तुति देते छात्र-छात्राएं. **पेज 7 भी देखें**

### हाइकोर्ट से फिल्मकार प्रकाश झा को मिली राहत

**रांची।** हाइकोर्ट से फिल्मकार प्रकाश झा को राहत मिली है. प्रकाश झा की ओर से दायर याचिका पर शुक्रवार को जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की कोर्ट में सुनवाई हुई. दोनों पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने सभी आपराधिक कार्यवाही एवं संज्ञान आदेश को निरस्त कर दिया. बता दें कि प्रोटेस्ट पिटीशन के बाद कोर्ट ने इसको साल 2018 में संज्ञान लिया था, जिसे प्रकाश झा व अन्य की ओर से हाइकोर्ट में याचिका दायर कर चुनौती दी गई थी. यह मामला जमशेदपुर के वार्ड संख्या छह में दस हजार वर्ग फीट सुपर बिल्ट एरिया से जुड़ा है.

## पारा टीचर्स के हक में फैसला

**रांची।** हाईकोर्ट के जस्टिस राजेश शंकर की कोर्ट में शुक्रवार को पारा शिक्षकों को सहायक शिक्षक के पद पर नियुक्ति से संबंधित अवमानना याचिका पर सुनवाई हुई. इसके बाद कोर्ट ने सरकार को कोर्ट के आदेश का पालन करने का निर्देश दिया है. मामले में अगली सुनवाई 22 मार्च तय की गई है. पूर्व में एकल पीठ ने वैसे सभी योग्य पारा शिक्षकों को सहा. शिक्षक नियुक्ति की काउंसिलिंग में बुलाने का निर्देश दिया था, जिन्होंने ने अपना आवेदन गैर पारा शिक्षकों के तौर पर दिया था. इस संबंध में सुधीर रजक सहित अन्य की ओर से हाईकोर्ट में अवमानना याचिका दाखिल की गई है. प्रार्थियों की ओर से अधिवक्ता अजीत कुमार व तेजस्विता सफलता ने पक्ष रखा. उन्होंने बताया कि वर्ष 2016 में सहायक शिक्षक के पद पर सरकार ने नियुक्ति शुरू की थी. इसमें पारा शिक्षकों को 50% आरक्षण दिया गया था. कई पारा शिक्षकों ने गैर पारा श्रेणी में आवेदन दिया था. लेकिन सरकार ने सिर्फ इस कारण उनको हक देने से इनकार किया कि पारा शिक्षक के तौर पर नियुक्ति नहीं हो सकती है. पूर्व में पीठ ने योग्य पारा शिक्षकों को काउंसिलिंग में शामिल करने का निर्देश दिया, जिनका नंबर अंतिम चयनित अभ्यर्थी से ज्यादा था.

## अंगद की मौत के बाद सड़क पर उतरे परिजन

- बहूबाजार चौक को किया जाम

संवाददाता। रांची

छात्र नेता अंगद नायक की सड़क हादसे में मौत के बाद परिजनों ने शनिवार की शाम को बहूबाजार चौक को जाम कर दिया. लोग इसे साजिश करार दे रहे थे. उनका कहना था कि अंगद की मौत दुर्घटना में नहीं हुई है. यह साजिश है, इसकी जांच हो. पुलिस के आश्वासन के बाद परिजन और आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम हटाया. शनिवार की शाम अंगद के परिजन और मुहल्ले के लोग बहूबाजार चौक पहुंचे और सड़क को जाम कर दिया. इससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई. बहूबजार चौक से लेकर सुजाता चौक, रतन टॉकीज चौक, कर्बला रोड घंटों जाम रहा. इस दौरान लोग परेशान रहें.

**घंटों जाम में फंसे रहे लोग, बिग बाजार के पास फंसी एंबुलेंस**



बिग शॉप चर्च परिसर के समक्ष एक एंबुलेंस भी जाम में फंस गई. काफी मशक्कत के बाद उसे निकाला गया.

**कौन था अंगद नायक :** बता दें कि चुटिया का रहनेवाला अंगद नायक एक छात्र नेता था. 24 साल का अंगद छात्रों के मामले को लेकर लगातार मुखर रहता था. जेएससीसी सीजीएल हो या 60 : 40 का मामला हो या फिर नियोजन नीति का मामला हो अंगद हर आंदोलन में छात्र हित को लेकर सक्रिय रहता था. गुरुवार को सड़क दुर्घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गया था. इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. परिजन और अंगद के करीबी इस दुर्घटना को साजिश बता रहे हैं. पुलिस ने पूरे मामले की गंभीरता से जांच का आश्वासन दिया है.

---

**अच्छी खबर** निगम ने जुडको को ट्रांसफर की जमीन, 500 वाहन एक साथ होंगे खड़े, 200 दुकानें भी बनेंगी

# बकरी बाजार में बनेगी 5 मंजिला मल्टीस्टोरी पार्किंग

सत्य शरण मिश्रा। रांची

राजधानी का अपर बाजार जल्द ही जाममुक्त होगा. 12 साल से फाइलों में दौड़ रही अपर बाजार स्थित बकरी बाजार में मल्टी स्टोरी पार्किंग निर्माण की योजना जल्द ही धरातल पर उतरने वाली है. करीब 100 करोड़ की लागत से बकरी बाजार में पांच मंजिला पार्किंग बनेगी, जहां अपर बाजार में आने वाले लोग अपने वाहन पार्क कर सकेंगे. मल्टी स्टोरी पार्किंग में 500 से अधिक छोटे-मोटे वाहन पार्क हो सकेंगे. साथ ही 200 दुकानों के निर्माण की भी योजना है. प्रस्तावित दुकानों से होने वाली आमदनी से पार्किंग का मेंटेनेंस किया जाएगा. जुडको ने इसका डीपीआर तैयार कर लिया है. मुख्यमंत्री के अप्रूवल के बाद टेंडर की प्रक्रिया शुरू होगी. करीब 3 एकड़ जमीन पर पार्किंग बनाया जाएगा. नगर आयुक्त अमित कुमार ने बताया कि नगर निगम ने जुडको को जमीन ट्रांसफर कर दिया है.



### 12 साल से बन रही है मल्टीस्टोरी पार्किंग की योजना

बकरी बाजार में मल्टीस्टोरेज पार्किंग के निर्माण की योजना 12 साल से बनायी जा रही है, लेकिन अबतक यह धरातल पर नहीं उतर सका है. सबसे पहले 2012 में वहां पार्किंग निर्माण की योजना बनायी गयी थी. इसके बाद फिर 2016 में रांची नगर निगम ने मल्टीस्टोरेज पार्किंग का डिजाइन तैयार कराया था. प्रस्तावित पार्किंग के बेसमेंट और ग्राउंड फ्लोर को निगम की गाड़ियों की पार्किंग और स्टोरी के लिए सुरक्षित रखते हुए ऊपरी तलों पर सामान्य वाहनों की पार्किंग प्रस्तावित थी, लेकिन इस योजना को राज्य सरकार की मंजूरी नहीं मिली.

### बेतरतीब पार्किंग की वजह से लगता है जाम


अपर बाजार झारखंड का सबसे बड़ा मार्केटिंग हब है. यहां झारखंड के साथ-साथ पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़, बिहार, बंगाल और ओडिशा के भी व्यापारी आते हैं. अपर बाजार की गलियां काफी तंग हैं और हर रोज हजारों वाहन और मालवाहक गाड़ियां यहां पहुंचते हैं. पार्किंग स्पेस नहीं होने के कारण यह गाड़ियां सड़कों के किनारे बेतरतीब तरीके से पार्क कर दी जाती है. इस कारण हर दिन यहां की गलियों में लंबा जाम लगता है. मल्टी स्टोरी पार्किंग का निर्माण होने के बाद अपर बाजार में इधर-उधर खड़े वाहन एक जगह लगेंगे, जिससे काफी हद तक जाम पर कंट्रोल लगेगा.

### सड़कें चौड़ी होने के बाद ही जाममुक्त होगा अपर बाजार

मल्टी स्टोरी पार्किंग बनने के बाद वाहन पार्किंग की चिंता खत्म हो जाएगी, लेकिन जाम लगने की समस्या पूरी तरह खत्म नहीं होगी. इसकी मुख्य वजह ये है कि अपर बाजार में घुसने वाली सभी मुख्य सड़कें 20 से 25 फीट ही चौड़ी हैं. कई जगहों पर तो 20 फीट से भी कम जगह है. ऐसे में एक साथ दो वाहन आमने-सामने आने से लंबा जाम लगता है. इस जाम से मुक्ति के लिए बकरी बाजार तक पहुंचने वाली मुख्य सड़कों का चौड़ीकरण जबतक नहीं होता जाम की समस्या पूरी तरह खत्म नहीं होगी







# एक्सआईएसएस में पनाश वार्षिक उत्सव का हुआ रंगारंग शुभारंभ

संवाददाता | रांची

एक्सआईएसएस में दो दिवसीय वार्षिक उत्सव पनाश 2024 का शुभारंभ किया गया. इस कार्यक्रम का थीम 52 डेक ऑफकार्डस है. इस इंटर-कॉलेज उत्सव में एक्सआईएसएस, सेंट जेवियर्स कॉलेज, बीआईटी मेसरा एमिटी यूनिवर्सिटी, रांची यूनिवर्सिटी और डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी यूनिवर्सिटी के छात्रों ने भाग लिया. इस दो-दिवसीय फेस्ट के मुख्य आकर्षण रनथॉन, एक मैराथन, स्कैवेंजरहंट, जैम स्ट्रीट, फेसपेंटिंग, कुकिंग विदाउट फायर, ओपन माइक, जिग्यासा 3.0 - द बिजनेसक्विज, ऑनयोरटोज़, फोटोग्राफी और रील प्रतियोगिता और फैशन शो, बैटलऑफ़बैंड्स थे, जिसमें सभी ने जोश के साथ भाग लिया. एक्सआईएसएस के निदेशक डॉ जोसफ मारियानुस कुजूर ने कहा कि पनाश विशिष्ट माने जाने वाले कार्यों के लिए एक आत्मविश्वास और स्टाइलिश का प्रतिनिधित्व करता है. छात्रों को हर साल इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन करते देखना बहुत खुशी की बात है. मैं उन्हें अपनी शुभकामनाएं देता हूं.



फोटो : रमीज

## ब्रीफ खबरें

### अमावस्या पर मां काली की पूजा-अर्चना

**रांची।** मां दक्षिणेश्वरी काली मंदिर, रातू रोड में शुक्रवार को मौनी अमावस्या पर विशेष-पूजन अर्चना की गयी तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद बांटा गया. जनजागृति युवा मंच, मां भद्रकाली नवभारती क्लब के पदाधिकारी अमजीत राय, आदित्य मोनू, विकास यादव, प्रेम वर्मा, विनोद यादव, छोटू यादव आदि ने इसमें खास तौर से हिस्सा लिया.

### कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन

**रांची।** मारवाड़ी युवा मंच संयुक्त तत्वावधान में भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति के सहयोग से निःशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया गया. इस निःशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर के द्वारा 30 जरूरतमंद लोग प्रदान किए गए, जिसमें 5 लोगों को बैसाखी 2 को स्टिक, 13 को सुनने की मशीन, 5 कृत्रिम अंग( हाथ-पैर) प्रत्यारोपण किया गए.

### पुंदाग में एजीसी बैडमिंटन टूर्नामेंट का फाइनल

**रांची।** पुंदाग में एजीसी बैडमिंटन टूर्नामेंट का फाइनल आयोजन शुक्रवार को किया गया. इसमें विजेता खिलाड़ी करण व सावन को ट्राफी के साथ 10 हजार रुपये का नगद पुरस्का दिया गया. मुख्य अतिथि के रुप में टूर्नामेंट के ऑर्गेनाइजर सह अंजुमन इस्लामिया रांची के सदस्य अयूब राजा खान एवं विशिष्ट अतिथि करियर काउंसलर मो महबूब आलम, निगार तनवीर शामिल थे.

### पेंटिंग प्रतियोगिता और नुक्कड़ नाटक का आयोजन

**रांची।** 11 फरवरी को होने वाले कोल इंडिया मैराथन के प्रमोशन के लिए शुक्रवार को न्यूक्लियस मॉल प्रांगण में एक पेंटिंग प्रतियोगिता एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया. जिसका भारी संख्या में उपस्थित दर्शकों द्वारा सराहना की गयी एवं सभी ने इसका खूब आनंद लिया. अवसर विशेष पर सीसीएल के सीवीओ पंकज कुमार, सीवीओ के निजी सचिव शशांक शेखर मौजूद थे.

### बाला जी मंदिर में मना दिव्य मंगलोत्सव

**रांची।** श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर तिरुपति बालाजी मंदिर में मौनी अमावस्या पर शुक्रवार को दिव्य मंगलोत्सव मनाया गया. सुबह दैनिक पूजन-अनुष्ठान के साथ तिरुवाराधन कर भगवान का अभिषेक किया गया. अर्चकों ने दुध,दही, हल्दी, चंदन, शहद,गंगाजल, नारियल डाभ युक्त जल आदि औषधयुक्त द्रव्यों से अभिषेक कर श्रृंगार-पूजन किया. इसके बाद श्रीमन्नारायण का नक्षत्र आरती, कुंभ आरती और कर्पूर से आरती उतारी गयी.

## आरयू में तीन दिनी इंटर कॉलेज यूथ फेस्टिवल रीझ रंग 2024 का शुभारंभ

# इस तरह के कार्यक्रमों से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है : वीसी



संवाददाता | रांची

रांची विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय इंटर कॉलेज यूथ फेस्टिवल रीझ रंग 2024 का शुभारंभ शुक्रवार को हुआ. रिझ रंग का उद्घाटन विवि के आर्यभट्ट सभागार में कुलपति प्रो. अजीत कुमार सिन्हा ने किया. वीसी ने कहा कि तरह के कार्यक्रम से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है. ऐसे कार्यक्रम होते रहने चाहिए. उन्होंने आगे कहा कि इस बार हमारे छात्रों को विकसित भारत 2024 के थीम पर सारे कार्यक्रम करने हैं ताकि वो आने वाले भविष्य के लिए चीजों को समझ कर काम कर सकें. उद्घाटन के दौरान विवि के सभी अधिकारी मौजूद थे. रांची विश्वविद्यालय के अलग-अलग विभागों, मारवाड़ी कॉलेज, आरएलएसवाई, जेएन कॉलेज, गोस्नर कॉलेज, बेड़ो कॉलेज, डोरंडा कॉलेज, योगदा सत्संग कॉलेज समेत अन्य कॉलेजों के प्रतिभागियों ने भाग लिया. इन कॉलेजों से आए छात्रों ने अलग-अलग इवेंट में अपना कौशल दिखाया. इस यूथ फेस्ट के संचालन के लिए छह सदस्यीय कल्चरल कोर कमेटी और प्राध्यापकों की एक दस सदस्यीय समन्वयक टीम बनाई गई है. पहले दिन आर्यभट्ट सभागार में डांस इवेंट और झारखंड की विभिन्न नृत्य शैलियों की प्रस्तुति दी. वहीं पीएफए डिपार्टमेंट में पोस्टर मेकिंग, रंगोली, मेंहदी जैसे इवेंट में अपना प्रदर्शन किया. आइएलस विभाग में शास्त्रीय संगीत समेत अन्य प्रकार के संगीत के धुन छात्रों ने सजाए. मास कॉम डिपार्टमेंट में काव्य पाठ, डिबेट और स्पॉट फोटोग्राफी इवेंट का आयोजन हुआ. 10 फरवरी को रिझ रंग में क्विज, वन एक्ट प्ले,स्किट्स, माइम, मिमिक्री, स्पॉट पेंटिंग, कोलाज, क्ले मॉडलिंग, इंस्टालेशन जैसे इवेंट आयोजित किये जायेंगे.

**विभिन्न नृत्य शैलियों की प्रस्तुति**







# रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन की बैठक

संवाददाता | रांची



अग्रसेन भवन में शुक्रवार को मारवाड़ी सम्मेलन की प्रथम कार्यकारिणी की बैठक हुई. अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष ललित पोद्दार ने सभी का स्वागत किया. साथ ही सम्मेलन के गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी गई और भावी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गयी. सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि दो वर्षों में सामाजिक और जनसेवा के कार्य वृहद स्तर पर चलाया जायेगा. पहले से संचालित दो अन्नपूर्णा सेवाएं निरंतर चलती रहेंगी. एक चलंत अन्नपूर्णा सेवा की भी शुरुआत की जायेगी. संगठन को मजबूती प्रदान करने और विस्तार देने के उद्देश्य से तीन-चार शाखाओं का गठन किया जाएगा. बैठक में अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार केडिया, पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्रवाल तथा निवर्तमान जिलाध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल ने भी अपना उद्गार व्यक्त करते हुए सम्मेलन के कार्यों की सराहना करते की एवं अपने सहयोग का आश्वासन दिया.

मौके पर संयुक्त महामंत्री कौशल कुमार राजगढ़िया ने विगत आमसभा और जिला अधिवेशन की कार्यवाही का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया. कोषाध्यक्ष कमलेश संचेती ने आय-व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किया. बैठक का संचालन महामंत्री विनोद कुमार जैन और धन्यवाद- ज्ञापन उपाध्यक्ष पवन कुमार पोद्दार ने किया. बैठक में भागचंद पोद्दार, कमल केडिया, नंदकिशोर पाटोदिया मौजूद थे.

# भव्य रूप में निकाली जाएगी भोले बाबा की शोभायात्रा

संवाददाता | रांची

श्रीश्री शिव बारात आयोजन समिति की शुक्रवार को हुई बैठक में 14 फरवरी को भोले बाबा का तिलकोत्सव धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया. साथ ही इस मौके पर गाजे-बाजे और भजन मंडली संग भव्य रूप में तिलकोत्सव शोभायात्रा निकालने की तैयारियों को लेकर विचार-विमर्श किया गया. बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष रमेश सिंह कर रहे थे. उन्होंने बताया कि देवाधिदेव महादेव का तिलकोत्सव और शिव बारात ऐतिहासिक होगी. इसकी तैयारी जोर-शोर से की जा रही है. नित्य समिति की बैठक बुलाकर तैयारियों का जायजा लिया जा रहा है. कार्यक्रम की रूप रेखा तैयार की जा रही है. मीडिया प्रभारी नमन भारती ने बताया कि बसंत पंचमी के मौके पर दोपहर बाद हरिओम मंदिर, कृष्णा नगर कॉलोनी रातू रोड से यात्रा निकाली जायेगी. इसमें शामिल बड़ी संख्या में श्रद्धालु हिस्सा लेंगे. इसमें शामिल भक्त भक्ति चौक, मेट्रो गली, झंडा चौक होते हुए कृष्णा नगर कॉलोनी का भ्रमण कर माउंट मोटर गली के रास्ते इंद्रपुरी शिव मंदिर आयेंगे. इस बीच भजन मंडली के कलाकार रास्ते भर भक्ति का रंग जमायेंगे. शिव मंदिर में पुरोहित वैदिक मंत्रोच्चार के साथ तिलक अनुष्ठान संपन्न करायेंगे.

### विधायक की पूजा-अर्चना में सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए

**पिपरवार।** कोयलांचल क्षेत्र से भाजपा पिपरवार मंडल के शक्ति केंद्र प्रमुख धनराज भोक्ता के नेतृत्व में पिपरवार मंडल के सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्त्ता सिमरिया विधान सभा विद्यायक सह अनुसुचित जाति सह जनजाति भाजपा के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष किशुन कुमार दास द्वारा मां उग्रतारा मंदिर नगर में पूजा अर्चना कार्यक्रम में शामिल हुए.इस कार्यक्रम में सिमरिया विधानसभा के विधायक किशुन कुमार दास ने 300 समर्थको के साथ नगर में मां उग्रतारा मंदिर में पूजा अर्चना किया.इस पूजा अर्चना के दौरान सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास ने विधान सभा क्षेत्र सहित राज्य की समृद्धि और खुशहाली की कामना की. इस मौके पर चतरा जिला भाजपा अध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता मौजूद थे.

**पढ़ाई**

## एस्कॉट इंटरनेशनल की स्थापना 2013 में हरमू में भारत माता चौक पर हुई

# 8 बीपीएल बच्चों को देते हैं मुफ्त शिक्षा : निदेशक

रेहान अहमद | रांची





एस्कॉट इंटरनेशनल स्कूल सीबीएसई एफीलेटेड इंग्लिश स्कूल है. स्कूल के निदेशक कुणाल कश्यप ने बताया कि स्कूल की स्थापना 2013 में हरमू भारत माता चौक के निकट की गई. उस समय स्कूल में कक्षा 8 तक की पढ़ाई होती थी.

वर्तमान में इस स्कूल में 2 तक की शिक्षा विद्यार्थियों को दी जाती है. यहां थर्ड लैंग्वेज के रूप में उर्दू, संस्कृत, खोरठा, कुड़ुख और मुंडारी भाषा की भी पढाई होती है. सभी विषय के अलग-अलग शिक्षक हैं. मालूम हो राजधानी में सीबीएसई एवं आईसीएसई पैटर्न के बड़े-बड़े अंग्रेजी माध्यम के स्कूल जरूर हैं. लेकिन इन स्कूलों में थर्ड लैग्वेज के रूप में उर्दू, खोरठा, कुड़ुख और मुंडारी भाषा की भी पढाई नहीं होती है. स्कूलों में सेंट्रल एकेडमी, डीएवी कपिल देव, डोरंडा संतजेवियर्स स्कूल, डीएवी आलोग, बिशप स्कॉट स्कूल, संत फ्रांसिस स्कूल, डीपीएस स्कूल आदि में इन विषयों की पढ़ाई नहीं होती है, जबकि इन भाषा की पढ़ाई होती तो बच्चे उन विषयों के अच्छे जानकार हो सकते हैं. निदेशक ने कहा कि एस्कॉट इंटरनेशनल स्कूल में शुरू से ही थर्ड लैंग्वेज के रूप में स्कूल में बच्चों को उर्दू, संस्कृत, खोरठा, कुड़ुख और मुंडारी भाषा की शिक्षा दी जाती है. बच्चों को पढ़ाने के लिये 50 शिक्षक हैं. जो बच्चों को नियमित रूप से शिक्षा देते हैं. बताया गया कि स्कूल में इस समय कुल 1700 बच्चे शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं. स्कूल की फीस जूनीयर से सीनीयर कलासेस में 1400 से 2700 रुपये तक मासिक ली जाती है. इस स्कूल में प्रति वर्ष बीपीएल श्रेणी के 8 बच्चों को निःशुल्क शिक्षा दी जाती है. निदेशक ने बताया कि शिक्षा के साथ यहां गेम क्लासेस भी होते हैं. पीटी व कराटे सभी बच्चों को सीखना अनिवार्य रखा गया है. ताकि लड़कियां भी कराटे के बदौलत अपना सुरक्षा स्वयं कर सकें. बताया कि बच्चों की इंग्लिश अच्छी हो. इसके लिये बोलचाल में भी बच्चों से अंग्रेजी में ही बातचीत की आदत बचपन से ही डाली जाती है. इस तरह बच्चों की अंग्रेजी मजबूत होती है. बच्चे जब अपने दोस्तों, घर परिवार में माता पिता व स्कूल के शिक्षकों से अंग्रेजी में ही बातचीत करें तो उन्हें अंग्रेजी समझने में आसनी होती है.

## न्यूज अपडेट

### आप पढ़ेंगे तो राज्य और देश बढ़ेगा: बिशप

**रांची।** सत्य ज्योति निकेतन मध्य विद्यालय हरमू में शुक्रवार को वार्षिक खेलखुद का आयोजन किया गया. इसमें मुख्य अतिथि डाल्टनगंज धर्मप्रान्त के धर्माध्यक्ष बिशप थियोडोर मस्कारेनहास थे. विद्यार्थीयों ने नृत्य कर बिशप का स्वागत किया. बिशप ने विद्यालय का झंडा फहराया और पतिज्ञा ली. इस अवसर पर विद्यार्थीगण परेड द्वारा अपने अनुशासन का प्रदर्शन किया. विद्यार्थी द्वारा परेड किया और विभिन्न प्रकार के खेलकूद में भाग लिया. बिशप ने मस्कारेनहास संदेश देते हुए कहा कि सभी बच्चे झारखंड के और देश के भविष्य हैं. कहा कि जैसे आप सभी बढ़ेंगे वैसे ही राज्य और देश बढ़ेगा.

### राजकीय उर्दू मध्य विद्यालय में स्वच्छता पर सेमिनार

**रांची।** राजकीय उर्दू मध्य विद्यालय, हिन्दपीढ़ी में बैंक ऑफ बड़ौदा, क्षेत्रीय कार्यालय के सौजन्य से स्वच्छता के महत्व पर सेमिनार का आयोजन किया गया. सफल छात्र-छात्राओं को शाखा प्रमुख विश्वजीत कुमार, क्षेत्रीय प्रबंधक तबस्सुम, सीनियर मैनेजर, सतीश कुमार तिवारी, शाखा प्रबंधक द्वारा स्कूली बैग एवं मैथ किट्स देकर सम्मानित किया गया. बैंक ऑफ बड़ौदा ने वाटर कूलर भी विद्यालय को प्रदान किया. मौके पर बैंक ऑफ बड़ौदा के क्षेत्रीय कार्यालय के शाखा प्रमुख विश्वजीत कुमार ने विद्यालय की सफाई व्यवस्था को सराहा. बच्चों में भी जागरूकता देखने को मिली.

### बसंत पंचमी पर होंगे श्रीश्याम मंदिर में विशेष अनुष्ठान

**रांची।** श्रीश्याम मंदिर, हरमू रोड में बसंत पंचमी के मौके पर 14 फरवरी को विशेष पूजन-अनुष्ठान किया जायेगा. श्रीश्याम मित्र मंडल के महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि खाटू धाम के श्रीश्याम मंदिर की परंपरा के अनुसार प्रभु को नया केसरिया अंग वस्त्र पहनाया जायेगा. साथ ही मंदिर में विराजमान सभी देवी देवताओं को भी केसरिया पोशाक पहना कर बसंती रूप में गर्भ गृहों को सजाया जाएगा. पीला गुलाब आदि पुष्पों से खाटूनरेश का मनोहरी श्रृंगार किया जाएगा. उन्होंने बताया कि सुबह साढ़े आठ बजे दैनिक पूजन के बाद महाआरती होगी.

### गुप्त नवरात्र आज से, शक्ति पीठों में उमड़ेंगे भक्त

**रांची।** माघ शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि शनिवार से गुप्त नवरात्र प्रारंभ हो जायेगा. श्रद्धालु नौ दिनों तक व्रत-उपवास कर भक्ति में रमे रहेंगे. मां के नौ स्वरूपों के साथ दस महाविद्या की पूजा-अर्चना और आराधना की जायेगी. सिद्धि प्राप्ति के लिए इस नवरात्र को सुनहरा अवसर माना जाता है. इसी भाव से तंत्र साधक पूरे मनोयोग से कठिन साधना कर मनोरथ पूर्ति का आशीर्वाद मां से मांगते हैं. फलदायी होने के कारण अब कुछ आम भक्त भी गुप्त रूप से मां को रिझाने में कोई कसर नहीं छोड़ते. आचार्य अजय ने बताया कि इस बार प्रतिपदा तिथि सुबह 04:28 से शुरू हो जायेगा.

### डीएसपीएमयू छात्र हॉल ऑफ फेम से सम्मानित

**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी विभाग के 5वें सेमेस्टर के छात्र उमा शंकर उरांव ने अमेरिका की स्पेस एजेंसी नासा की वेबसाइट में बग देखा था और इसके लिया नासा के द्वारा उन्हें हॉल ऑफ फेम सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया था. इसके चार दिनों उपरांत पुनः 3 फरवरी को इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी के ही 5वें सेमेस्टर के छात्र उज्जवल राठौर ने नासा की साइट में बग देखकर इसकी रिपोर्ट की और फिर नासा ने इसे सही मानते हुए उसे हॉल ऑफ फेम से सम्मानित किया. उज्जवल ने कहा कि उसे यह प्रेरणा उसके सहयोगी उमाशंकर से प्राप्त हुई.

### मदरसा मजहारुल उलूम के 7 बच्चे हुए हाफिज

**रांची।** रांची के इरबा स्थित मदरसा मजहारुल उलूम इरबा में सात बच्चों को सम्मानित किया गया. इरबा मदरसा मजहारुल उलूम में 7 बच्चों ने कुरआन ए पाक को हिफ्ज ( पूरी तरह याद) कर लिया है. इसलिये बच्चों को हाफिज की उपाधि दी गई है. बच्चों की इस बड़ी उपलब्धि पर मदरसे की ओर से सम्मान समारोह का आयोजन कर उन्हें सम्मानित किया गया और इनाम से भी नवाजा गया. हिफ्ज करने वालों में हाफिज मो हुजैफा, हाफिज मो सलमान, हाफिज मो अरमान, हाफिज मो शोएब, हाफिज मो आबिद, हाफिज मो सरफराज, हाफिज मो जुनैद शामिल हैं.

### 90 लोगों का जत्था उमराह के लिए होगा रवाना

**रांची।** मदीना ट्रेवल्स ग्रुप की ओर से शुक्रवार को 46 जायरीन उमराह कर जेद्दा से रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंचे. मदीना ट्रेवल्स के मौलाना इलियास मजाहरी ने कहा कि सभी जायरीन को लगभग 55 जगहों की जियारत कराई गई. उन्होंने कहा कि तीन मिकात से उमराह कराया जाता है. कहा कि सभी जायरीन झारखंड व बिहार के विभिन्न जिलों के थे. जायरीनों ने कहा कि मक्का में 500 मीटर की दूरी पर और मदीना में 600 मीटर की दूरी पर ठहराया जाता है.

### शिक्षकों की ट्रेनिंग के लिए 5 दिवसीय कार्यशाला

**रांची।** राज्य में चयनित बालवाटिका केंद्रों के शिक्षकों के प्रशिक्षण के लिए शिक्षा परियोजना परिषद की ओर से 5 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया है. 29 फरवरी तक 4 बैच में प्रशिक्षण दिया जाएगा. पहले बैच को 9 फरवरी, दूसरे बैच को 18 फरवरी, तीसरे बैच को 19 फरवरी और चौथे बैच को 29 फरवरी से ट्रेनिंग दी जाएगी. इस कार्यशाला में पूरे राज्य से 30 मुख्य प्रशिक्षक एवं 944 शिक्षक शामिल हो रहे हैं. निंग लेने सभी शिक्षक अपने-अपने जिलों में प्री स्कूल शिक्षकों को प्रशिक्षण देंगे.

### श्रीश्याम मंदिर का 19वां स्थापना दिवस कल

**रांची।** श्रीश्याम मंदिर, अग्रसेन पथ का 19वां स्थापना दिवस 11 फरवरी को श्रद्धापूर्वक धूमधाम से मनाया जायेगा. इसकी तैयारी जोर-शोर से की जा रही है. मंदिर की साफ-सफाई और सज्जा का काम जारी है. इस मौके पर सुबह से देर शाम तक श्रद्धालु खाटू नरेश श्रीश्याम के श्रीचरणों में श्रद्धा का पुष्प चढ़ायेंगे. श्रीश्याम मंडल के सुमित पोद्दार ने बताया कि सुबह मंदिर में दैनिक पूजन-आरती के बाद गौशाला, हरमू रोड में गौव पूजन और सेवा की जायेगी. इसके बाद दिन के साढ़े 11 बजे मंदिर अविस्थत पार्किंग स्थल पर वृहत रूप में श्रीश्याम भंडारा चलाया जायेगा.

### समाजसेवी पवन शर्मा के पिता को अंतिम विदाई

**रांची।** समाजसेवी पवन शर्मा के पिता विधाधर शर्मा का निधन गुरुवार को सेवा सदन अस्पताल में हो गया. उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को हरमू रोड मुक्तिधाम में हिंदू सनातन धर्म की रीति रिवाज के अनुसार हुआ. पवन शर्मा ने मुखाग्नि दी. विधाधर शर्मा ने विभिन्न धार्मिक, सामाजिक व व्यावसायिक संगठनों में सक्रिय योगदान दिया. उनके अंतिम दर्शन के लिए लोगों का तांता लगा रहा. इनमें गोवर्धन गाड़ौदिया, रतन बंका, रमेश शर्मा, चंडी डालमिया, भागचंद पोद्दार, रतन मोदी, पदम चंद जैन शामिल थे.

### श्रीश्याम ध्वजा पदयात्रा 17 मार्च को होगा

**रांची।** श्रीश्याम ध्वजा पदयात्रा समिति 17 मार्च को श्रीश्याम निशान के साथ 17 किलो मीटर की पदयात्रा करेंगे. इसकी शुरुआत नेवरी के विकास विद्यालय के पास से होगी. इसमें शामिल श्रद्धालु विभिन्न मार्गों से होते हुए श्रीश्याम मंदिर, हरमु रोड़ आयेंगे. यहां दर्शन-पूजन के साथ प्रभु को पवित्र निशान अर्पित किया जायेगा.

